# प्रादेशिक समाचार
## 01.10.2023 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधी जयंती से पहले महा स्वच्छता अभियान का किया नेतृत्व, स्वच्छता ही सेवा के तहत झारखंड समेत देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित।

2. राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बी.आई.टी.मेसरा के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों से कहा, नौकरी करने के बदले अधिक से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा करें।

3. वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने किसानों को बांटे कृषि उपकरण यंत्र, कहा– समय और खर्च बचाने के लिए उन्नत किस्मों की मशीनों का इस्तेमाल करें किसान।

4. राज्य भर में कल शाम से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित, मौसम विभाग ने छह अक्टूबर तक मध्यम से तेज बारिश होने की जताई संभावना।

5. चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी, अविनाश साबले ने स्टीपलचेज में और तेजिंदर तूर ने गोला फेंक में जीता स्वर्ण पदक।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज देशभर में चलाए गए स्वच्छता ही सेवा महाभियान का नेतृत्व किया। वे फिटनेस प्रशिक्षक अंकित बैयानपुरिया के साथ सफाई अभियान में शामिल हुए। श्री मोदी ने अंकित बैयानपुरिया से बातचीत की और शारीरिक सौष्ठव बनाए रखने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने सफाई अभियान के दौरन श्री बैयानपुरिया के साथ हुई बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है।

स्वच्छता के लिए एक तारीख एक घंटा एक साथ के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर आज देश भर में लोगों ने भागीदारी की।

***************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज दोपहर बाद तेलंगाना में महबूबनगर पहुंचे। उन्होंने तेलंगाना के महबूबनगर में सड़क, रेल, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और उच्च शिक्षा जैसे क्षेत्रों में 13 हजार, 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

***************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा से नौकरी पाने की चाहत बदले यह कोशिश करनी चाहिए कि वे अधिक से अधिक नौकरियों के अवसर पैदा कर सकें। राज्यपाल आज बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बी.आई.टी.मेसरा के 33वें दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्र–छात्राओं को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों से जीवनभर ज्ञान के प्रति जिज्ञासु बने रहने की अपील की।

***************

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज राजभवन परिसर में भारत संचार निगम लिमिटेड, बीएसएनएल दिवस पर रांची व्यापार क्षेत्र के लिए संतुष्ट ग्राहक, हमारा प्रचारक अभियान की शुरुआत की।

***************

राज्य के वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा है कि समय और खर्च को बचाने के लिए किसानों को अब मशीनीकरण की ओर जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि कार्य के लिए कई उन्नत किस्म की मशीनें आ गयी हैं। इससे उत्पादन में भी काफी फर्क पड़ता है। श्री उरांव ने कहा कि इस पहल के लिए राज्य सरकार भी कई बदलाव कर रही है। मंत्री आज लोहरदगा जिले में सहायता समूहों के बीच कृषि उपकरण बैंक की स्थापना के लिए यंत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने वर्तमान सरकार पर लूट के रास्ते राज्य की पूरी ब्यूरोक्रेसी की साख को दांव पर लगाने का आरोप लगाया है। श्री मरांडी ने कहा है कि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन के बाद कई और वरीय आईएएस और आईपीएस अधिकारी भ्रष्टाचार के मामलों में फंसने वाले हैं। आज गिरिडीह जिले में भाजपा के संकल्प रैली को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के कुशासन से जनता परेशान हो चुकी है। इस अवसर पर उन्होंने भाजपा के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के बारे में भी जानकारी दी।

**************

रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आज स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारियों और कर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान भी किया। इधर, देवघर नगर निगम क्षेत्र के तहत सभी 36 वार्डों में भी आज श्रमदान के माध्यम से विशेष अभियान चलाकर साफ–सफाई की गयी। वहीं, जामताड़ा जिले में समाहरणालय परिसर और सदर अस्पताल सहित सभी प्रखंड स्थित सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर साफ सफाई की गई। इसके अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी स्वच्छता अभियान चलाते हुए श्रमदान किया गया। वहीं, रांची स्थित आयकर विभाग के परिसर में आज एक घंटे तक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इधर, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ की 26वीं बटालियन के कमांडेंट की अगुवाई में बोकारो जिले के सदर अस्पताल में एक घंटे तक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**************

विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो आज राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के 66वें सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली से पश्चिम अफ्रीका स्थित घाना गणराज्य के लिए रवाना हो गए। उनके साथ रांची के विधायक सीपी सिंह और मझगांव के विधायक निरल पूर्ति भी हैं। यह सम्मेलन छह अक्टूबर तक होगा, जहां विधानसभा अध्यक्ष व्याख्यान भी देंगे।

**************

राजधानी राँची में आज वॉकाथन के साथ वन्यप्राणी सप्ताह की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में करीब एक हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मौजूद पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह और प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव ने वनों के संरक्षण को लेकर आम लोगों को जागरूक किया।

**************

झारखंड राज्य वित्तरहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष संघ की पांच परगना ईकाई के शिक्षकों ने आज तमाड़ के विधायक विकास कुमार मुंडा के आवास का घेराव किया। राज्य के अनुदानित सभी इंटर कॉलेजों का अधिग्रहण करने के विरोध में शिक्षकों ने धरना–प्रदर्शन के बाद विधायक को ज्ञापन सौंपा।

**************

पुलिस ने बीती रात जमशेदपुर स्थित एमजीएम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से एक अपराधी को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। अस्पताल में तैनात होमगार्ड के जवान ने बताया कि अपराधी किसी मरीज की जेब से पर्स निकाल रहा था, इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। हालाँकि, उसके अन्य दो साथी भाग निकले।

***************

राज्य भर में कल शाम से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। रांची स्थित मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अभिषेक आनंद ने बताया है कि राज्य में छह अक्टूबर तक माध्यम से तेज दर्जे की बारिश होगी, जिसके तहत कुछ जिलों के लिए येलो और कुछ के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किए गए हैं। गुमला, खूंटी, सिमडेगा, और  पश्चिमी सिंहभूम जिलों में गर्जन और वज्रपात के साथ भारी बारिश के आसार हैं।

***************

चीन के हांगचोओ में हो रहे एशियाई खेलों में भारत का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। भारत के तेजिंदर तूर ने शॉटपुट में बीस दशमलव तीन—छह मीटर गोला फेंककर स्वर्ण पदक जीत लिया है। इसके साथ ही भारत के हिस्से में यह तेरहवां स्वर्ग पदक है। इससे पहले भारत के अविनाश साबले ने आज तीन हजार मीटर स्टीपलचेज में भी स्वर्ण पदक जीत लिया। इधर, भारतीय टीम ने आज निशानेबाजी में पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा में स्वर्ण और महिला ट्रैप टीम ने रजत पदक अपने नाम किया। इससे पहले, आज खेलों के 8वें दिन भारत को पहला मेडल गोल्फ में प्राप्त हुआ, जब अदिति अशोक ने रजत पदक हासिल किया।

**********समाप्त************